स्पीड पोस्ट/फैक्स द्वारा

संख्या जैड- 28016/246/2015-एसएसएच

भारत सरकार

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

पीएमएसएसवाई प्रभाग

निर्माण भवन, नई दिल्ली

दिनांक: 18 जनवरी, 2017

सेवा में,

1. मुख्य सचिव, सभी राज्य सरकारें
2. सचिव, सभी मंत्रालय/विभाग, भारत सरकार के सभी विभाग

विषय: **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के अधीन अखील भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना, बिहार में प्रतिनियुक्ति पर उप निदेशक (प्रशासन) के पद को भरना।**

महोदय/ महोदया,

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के अधीन अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना, बिहार में प्रतिनियुक्ति पर उप निदेशक (प्रशासन) स्तर के पद को तीन वर्षों के अवधि, जिसे भारत सरकार के नियमों द्वारा बढ़ाया जा सकता है, के लिए 37,400-67,000/ (पीबी-4) और 8700 रुपए के ग्रेड-पे (पूर्व-संशोधित) में भरा जाना प्रस्तावित है।

2. भारतीय प्रशासनिक सेवा के निदेशक अथवा समकक्ष पद पर 8700 रुपए के ग्रेड-पे (पूर्व-संशोधित) में कार्यरत अधिकारी अथवा इस ग्रेड में 7600 रुपए के ग्रेड-पे (पूर्व-संशोधित) में उप सचिव अथवा समकक्ष पद पर पांच वर्ष की नियमित सेवा करने वाले अधिकारी आवेदन कर सकते हैं।

3. इच्छुक और पात्र अधिकारियों के नाम तथा संलग्न प्रपत्र में उनके विस्तृत जीवन-वृत्त का ब्यौरा, सीआर डोजियर/ विगत पांच वर्षों की सत्यापित एसीआर और विगत केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के संबंध में विभाग एवं कूलिंग-आफ अवधि संबंधी ब्यौरों के साथ इस कार्यालय को अनुशंसा के साथ प्रेषित करें। यदि अधिकारी फिलहाल केंद्रीय प्रतिनियुक्त पर है, तो उनका नामांकन संबंधित प्रभारी मंत्री के अनुमोदन से अग्रेषित किया जाना चाहिए। **आवेदन पत्र कमरा सं. 522, 'ए' विंग, निर्माण भवन, मौलाना आजाद रोड, नई दिल्ली को भेजे जाएं।**

4. यह पद गैर-केंद्रीय स्टाफिंग योजना पद है और इसे सिविल सेवा बोर्ड (सीएसबी) की प्रक्रिया से भरा जाना है।

5. यह अनुरोध है कि पात्र अधिकारियों के आवदेन पत्र इस परिपत्र को जारी करने की तारीख से एक माह के भीतर इस विभाग को अग्रेषित कर दिए जाऐ।

भवदीय,

सुनील शर्मा 18/1/17

(सुनील शर्मा)

संयुक्त सचिव, भारत सरकार

टेलीफोन नं. : 011-23061773

प्रतिलिपि: प्रेषित:

1. तकनीकी निदेशक, एनआईसी, कंप्यूटर सेल, स्वास्थ्य एवं परि. कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली।
2. तकनीकी निदेशक, एनआईसी, कंप्यूटर सेल, डीओपीटी, नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली को विभाग की सरकारी वेबसाइट पर इस रिक्ति को अपलोड करने के लिए।
3. निदेशक (पीएमएसएसवाई)/ पीएमएसएसवाई-IV अनुभाग के निजी सचिव।

अनुलग्नक

<u>उप निदेशक (प्रशासन), एम्स, पटना के पद के लिए आवेदन पत्र</u>

क्र.सं.	विवरण	
1.	नाम (स्पष्ट शब्दों में)	
2.	जन्म तिथि	
3.	बैच	
4.	संवर्ग	
5.	संपर्क टेलीफोन सं.	(का): (मो):
6.	ई-मेल पता	
7.	शैक्षणिक अर्हताएं	
8.	पूर्ण अनुभव, तैनाती संबंधी ब्यौरा	

क्र.सं.	कार्यालय संस्थान	धारित पद	दिनांक से	दिनांक तक	वेतनमान (पूर्व संशोधित और संशोधित तथा मौजूदा मूल वेतन)	कार्यों की प्रकृति/अनुभव (विस्तार में)

9.	यदि मौजूदा रोजगार प्रतिनियुक्ति/संविदा आधार पर धारित है; तो कृपया निम्न जानकारी दें: (क) आरंभिक नियुक्ति की तारीख (ख) प्रतिनियुक्ति/ संविधा पर नियुक्ति की अवधि; (ग) आपके मूल कार्यालय/संगठन का नाम	

टिप्पणी:

(i) यदि ऊपर कालम में स्थान अपर्याप्त हो तो एक अलग शीट जोडें और उसे अपने हस्ताक्षर करके अधिप्रमाणित करें।

(ii) अपूर्ण आवेदन पत्र तथा उपयुक्त माध्यम से प्राप्त नहीं होने वाले आवेदन पत्र तथा एसीआर एवं अन्य प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रतियां संलग्न नहीं होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।

अभ्यार्थी के हस्ताक्षर.........................

दिनांक ....

सत्यापित किया जाता है कि:

(i) अनुशांसिक अधिकारी के खिलाफ कोई सतर्कता संबंधी मामला लंबित नहीं है अथवा चलाए जाने का विचार नहीं है।

(ii) आवेदक की सत्यनिष्ठा संदेह से परे हैं।

(iii) अधिकारी का चयन हो जाने पर इस कार्यालय को उन्हें कार्यभार मुख्य करने में कोई आपत्ति नहीं है।

(iv) विगत दस (10) वर्षों के दौरान अधिकारी पर कोई भी छोटी/बड़ी शास्तियां नहीं लगाई गई है।

हस्ताक्षर..................

नाम और पदनाम..................

(नियोक्ता/ कार्यालयध्यक्ष/नियंत्रक अधिकारी)